# न्यूनतम वनक्षेत्र प्रभावित होने के संबंध में तुलनात्मक दृष्टि से न्यूनतम तीन ऐसे वैकल्पिक परीक्षणों का उपयुक्त स्केल के नक्शे पर दर्शाते हुऐ उनकी परीक्षणात्मक टीप

**विकल्प– I**

इस विकल्प के अनुसार योजना टोपोशीट कमांक 55 L/1 के अक्षांश **78°03'51"** एवं देशांश **24°49'40"** पर लोअर ओर परियोजना स्थित है । इस स्थल पर बांध का जलग्रहण क्षेत्र 15. 21 वर्ग कि.मी है । तथा योजना का कुल डूब क्षेत्र 1759 हेक्टेयर है । जिसमें 765 हेक्टेयर निजी भूमि एवं शासकीय भूमि है। योजना में 994 हेक्टेयर वन भूमि प्रभावित होती है। इस स्थल से 64208 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई हो सकती है । बांध की कुल लम्बाई 1540 मी आती है । तथा परियोजना तल से ऊंचाई 28.3 मीटर है । बांध में ज्यादा वनभूमि 994 हेक्टेयर भूमि डूब में आने के कारण, अन्य विकल्प प्रस्तावित है ।

**विकल्प– II**

इस विकल्प के अनुसार योजना टोपोशीट कमांक 55 L/1 के अक्षांश **78°04'22"** एवं देशांश **24°51'10"** पर लोअर ओर परियोजना स्थित है। इस स्थल पर बांध का जलग्रहण क्षेत्र 18. 18 वर्ग कि.मी है । तथा योजना का कुल डूब क्षेत्र 2290 हेक्टेयर है । जिसमें 1311 हेक्टेयर निजी भूमि एवं शासकीय भूमि है । योजना में 979 हेक्टेयर वन भूमि प्रभावित होती है । इस स्थल से 37492 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई हो सकती है । बांध की कुल लम्बाई 1936 मी आती है । तथा परियोजना तल से ऊंचाई 33.3 मीटर है । बांध में ज्यादा वनभूमि 979 हेक्टेयर भूमि डूब में आने के कारण, अन्य विकल्प प्रस्तावित है ।

**विकल्प– III**

इस विकल्प के अनुसार योजना टोपोशीट कमांक 55 L/1 के अक्षांश **78°05'55"** एवं देशांश **24°50'50"** पर लोअर ओर परियोजना स्थित है । इस स्थल पर बांध का जलग्रहण क्षेत्र 1843 वर्ग कि.मी है । तथा योजना का कुल डूब क्षेत्र 2724 हेक्टेयर है । जिसमें 1756 हेक्टेयर निजी भूमि एवं शासकीय भूमि है । योजना में 968 हेक्टेयर वन भूमि प्रभावित होती है । इस स्थल से 45047 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई हो सकती है । बांध की कुल लम्बाई 2250 मी. आती है । तथा परियोजना तल से ऊंचाई 45 मीटर है । बांध में कम वनभूमि 968 हेक्टेयर भूमि डूब में आती है। अतः इस विकल्प के अनुसार बांध प्रस्तावित है।

उपरोक्त तीनों विकल्पों को दृष्टिगत रखते हुऐ **विकल्प –III** में कम वनभूमि मात्र 968 हेक्टेयर एवं अधिक सिंचाई (कुल रकबा 45047 हेक्टेयर ) हो सकेगी । अत– इस विकल्प के अनुसार बांध स्थल चयनित किया गया है ।